संक्षिप्त

मसूदा का नाम रौशन किया

मसूदा, (निसं)। मसूदा नगर पालिका निवासी देशराज सिंह राठौड़ के पुत्र हेमेंद्र सिंह भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट बनकर मसूदा का नाम रौशन किया। उन्होंने 366वीं रैंक के साथ यह उपलब्धि हासिल हेमेंद्रसिंह प्रारंभिक की पढ़ाई मसूदा में हुई। पढ़ाई साथ-साथ वे अन्य गतिविधियों में भी आगे रहे। हेमेंद्र सिंह स्नातक की पढ़ाई के दौरान उन्होंने एनसीसी का प्रमाण-पत्र हासिल किया। तभी से सेना में जाने का सपना देखा और उसी लक्ष्य को पाने के लिए लगातार मेहनत की। सेना की कठिन चयन प्रक्रिया को पार करते हुए उन्होंने अपनी बुद्धिमत्ता, शारीरिक क्षमता और नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन किया। हेमेंद्र सिंह जल्द ही सैन्य प्रशिक्षण के लिए चेन्नई रवाना होंगे।

नगर पालिका कर्मचारियों की द्वारा पेन डाउन हड़ताल

आसीन्द, (निसं)। आसींद मंगलवार को आसींद नगर पालिका कार्यालय में हंगामा होने के बाद नगर पालिका कर्मचारी द्वारा पेन डाउन हड़ताल जारी की गई। आसींद नगर पालिका में ए इ न के साथ धक्का मुक्की एवं बद्द स ळ् कि के साथ गंदा पानी फेंकने के मामले में नगरपालिका प्रशासन ने आसींद पुलिस थाना में कराया मामला दर्ज त जहां सभी कर्मचारी पेन डाउन हड़ताल पर उतर गए नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जब तक उपद्रवी की गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक कार्यालय में पेन डाउन हड़ताल जारी रहेगी त उसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

तिरंगा यात्रा निकाली

मेड़ता सिटी, (निसं)। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बुधवार को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें भापजा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश प्रभारी सतीश पुनिया ने तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा को नन्हे मुन्ने बच्चे स्केटिंग चला कर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर पुनिया के कहा कि भारत देश की सेना पर हम सब को गर्व हे। हमारी सेना की वजह से आज हम सब सुरक्षित हे। ओर मुझे भी गर्व हे मिशन सिंदूर में जो सेना का सिपाही हे जिसने पठानकोट में तैनात था आज मुझे इस तिरंगा यात्रा में उसका अभिनंदन करने का मौका मिला मेरे लिए ये गर्व की बात हे। वही संयोजक रामेश्वर छाबा ने बताया कि तिरंगा यात्रा को लेकर मेड़ता शहर में काफी खुशी का माहौल हे यात्रा को लेकर बच्चे, महिलाओं आदि सहित पूरे शहर में यात्रा में भाग लिया वही छाबा ने बताया कि ये तिरंगा यात्रा चौमुखा महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर नागौर चौकी, नैना बाजार, चारभुजा चौक, होते बस स्टेड से मीरा द्वारा तक यात्रा निकाली गई। इस मौके पर नागौर जिला अध्यक्ष रामधन पोटलिया, मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू, जनता प्रधान संदीप चौधरी, बलदेव लटियाल, रामेश्वर थिरोड़ा, मंगलाराम डिडेल मोहित माली, राजीव पुरोहित, नवरतन मल सिंघवी, नारायण पारिक, श्याम सुंदर दाधीच, सुरेंद्र बिड़ला, भगवती लाल टेलर, दिलीप माली, ओम माली, राजू माली व सहित कई नागरिक व भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

तिवाडी महिला अध्यक्ष मनोनीत

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। राज ब्राह्मण महासभा किशनगढ़ खण्ड अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा बड़गांव द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में मति पुष्पा तिवाड़ी को महिला मण्डल अध्यक्ष के पद पर पुष्पा तिवाड़ी को मनोनीत किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष को शीघ्र कार्यकारिणी गठित कर संगठन का विस्तार करने के निर्देश दिए। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रशेखर शर्मा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, जिला महामंत्री सुशील दाधीच तिलोनिया, रामचन्द्र रिनवा, मदन लाल गोवला, प्रेमसागर कुंभ्या, ओम तिवाड़ी, आशुतोष शर्मा, कमलेश शर्मा, कोमल पारीक, मोनू दाधीच, दीपमाला शर्मा आदि उपस्थित रहे।

वरिष्ठ नागरिकों के सशक्तिकरण पर कार्यशाला

ब्यावर (निसं) अंबेडकर भवन, उदयपुर रोड पर वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण व सशक्तिकरण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत द्वारा की गई थी। कार्यक्रम में विधायक शंकर सिंह रावत, पूर्व सभापति नरेश कनोजिया भी मौजूद रहे।

बोर्ड प्रशासक महेश चंद्र शर्मा को दी गरिमामयी विदाई

- सहजता, पारदर्शिता और दूरदृष्टि का प्रेरक उदाहरण बना कार्यकाल

अजमेर, 28 मई(कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सभागार में बुधवार को समारोहपूर्वक बोर्ड प्रशासक एवं संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा को बोर्ड परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रशासक महोदय को उनके सेवाकाल के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया और उनके उत्तम स्वास्थ्य व सुखद भविष्य की कामना की।

बोर्ड सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने कहा कि बोर्ड के प्रशासक महेश चन्द्र शर्मा का व्यक्तित्व सहज, सरल और प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने कहा कि शर्मा ने कार्यशैली में संवाद और संप्रेषण की विलक्षण प्रतिभा के माध्यम से कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाते हुए कार्यों का निष्पादन करवाया। उन्होंने कहा कि बोर्ड के लिए दूरदृष्टि के साथ योजनाएं बनाई गईं। इसमें अधोसंरचना विकास, गोपनीय कार्यों में उच्च तकनीकी उपायों का समावेश और परीक्षा प्रणाली को और अधिक पारदर्शी बनाना शामिल है। उन्होंने कहा कि शर्मा के कार्यकाल में रीट एवं बोर्ड परीक्षाओं का सफल संचालन किया गया। विशेष रूप से इस बार की परीक्षाएं पूर्णत: गोपनीयता और सूचना-सुरक्षा के साथ संपन्न हुईं। उन्होंने कहा कि परिणाम समय पर जारी कर उदाहरण प्रस्तुत किया गया। यह प्रशासनिक दक्षता और टीमवर्क का परिचायक है। कर्मचारियों के हित में सेवानिवृत्त फंड जैसी योजनाओं को गति देना और मांगों पर सकारात्मक अनुशंसा करना प्रशासक के कर्मचारी हितैषी दृष्टिकोण को दर्शाता है। उन्होंने उनके स्वास्थ्य और सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दी।

बोर्ड प्रशासक महेश चन्द्र शर्मा ने कहा कि उन्हें यह अतिरिक्त दायित्व लगभग दो वर्ष पूर्व सौंपा गया था और यह समयकाल उनके लिए विशेष रहा। उन्होंने कहा कि बोर्ड एक ऐसी संस्था है जहां देश के भविष्य की नींव रखी जाती है। यहां कार्य करना चुनौतीपूर्ण होते हुए भी आत्मिक संतोष देने वाला अनुभव रहा। श्री शर्मा ने कहा कि इस अवधि में बोर्ड द्वारा आयोजित सभी परीक्षाएं सफलता पूर्वक सम्पन्न हुईं और समय पर परिणाम भी घोषित किए गए। उन्होंने कहा कि गोपनीयता बोर्ड की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता है और इसके अनुरूप कार्य करना प्रत्येक कर्मचारी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों में अधिकतम कार्य करना ही राजकीय सेवा की सच्ची सफलता है। उन्होंने यह भी कहा कि बोर्ड परिवार ने उन्हें सदैव सहयोग और सम्मान दिया। उन्होंने विशेष रूप से बोर्ड की तकनीकी टीम, कर्मचारी संगठनों और सचिव का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यदि हम संस्था को एक परिवार की तरह देखें और आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करें तो किसी भी चुनौती का समाधान सहजता से किया जा सकता है। उनका मानना था कि परीक्षा प्रणाली को तकनीक आधारित बनाकर बोर्ड ने न केवल सरकार बल्कि विद्यार्थियों और अभिभावकों का विश्वास अर्जित किया है।प्रशासक शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय अत्यंत संवेदनशील है। संचार माध्यमों की तीव्रता के चलते सूचना तेजी से प्रसारित होती है। इसके लिए कार्य में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जवाबदेही अत्यावश्यक हो गई है। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी एवं उनके अभिभावकों के प्रति हमारी जवाबदेही सर्वोपरि है और हमें सदैव ईमानदारी से कार्य करते रहना चाहिए। बोर्ड की वित्तीय सलाहकार रश्मि बिस्सा ने कहा कि प्रशासक ने सदैव एक गाइड के रूप में कठिन परिस्थितियों में मार्गदर्शन किया। हर बैठक में कुछ नया सीखने को मिला और निर्णयों में उनके अनुभव और संतुलन की झलक स्पष्ट दिखाई देती थी।

बोर्ड पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा बोर्ड प्रशासक को उनकी सेवानिवृत्ति पर उनके द्वारा पेंशनर्स हितों के लिए किए गए कार्यों के लिए आभार प्रकट किया। एसोसिएशन द्वारा बोर्ड प्रशासक को शॉल पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर विशेषाधिकारी नीतू यादव, सहायक निदेशक शिव प्रकाश सोनी, सेक्शन ऑफिसर सम्पदा अजय बंसल, पेंशनर्स एसोसिएशन के राम बाबू शर्मा, अनिल रांका, प्रेम सिंह सिसोदिया, पवन जैन, राम स्वरूप विजयवर्गीय, एडगर दास उपस्थित थे।

मंदिर में बीती रात चोरों ने किया हाथ साफ

सरवाड़, (निसं)। शहर स्थित अराबा माताजी मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने चांदी के छत्र व दान पात्र से नगदी पर हाथ साफ कर लिया वहीं जब लोग मंदिर दर्शन करने पहुंचे तो मंदिर का ताला टूटा हुआ मिला जब अन्दर जाकर देखा तो माताजी के छत्र गायब मिले साथ ही एक दान पात्र टूटा हुआ मिला वहीं दूसरा दान पात्र गायब मिला वहीं मंदिर में चोरी की घटना को लेकर बड़ी संख्या में लोग मंदिर पहुंचे और सरवाड़ पुलिस को सूचना दी गई वहीं सरवाड़ पुलिस मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की जानकारी ली मंदिर से दान पात्र गायब मिला वहीं दूसरा दान पात्र नदी के किनारे झाड़ियां में टूटा हुआ मिला और कुछ नगदी दान पत्र में मिली मंदिर में चोरी की घटना को लेकर भाजपा नेता हरिमोहन शर्मा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दुर्गा लाल माली लक्ष्मण माली राजू माली साहित श्रद्धालु मंदिर पहुंचे।

विद्यार्थियों ने बढ़ाया गांव का मान

नसीराबाद, (निसं)। देरांठू स्थित महात्मा गांधी अंठोजी विद्यालय एवं राजकीय माध्यमिक विद्यालय का वर्ष 2025 का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। दोनों विद्यालयों ने शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। महात्मा गांधी अंठोजी विद्यालय के संस्था प्रधान अनिल कुमार गोयल ने बताया कि कुल 16 विद्यार्थियों में से 11 फर्स्ट डिवीजन और 5 सेकंड डिवीजन में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय और रितिका दत्त भी अव्वल रहीं। इन तीनों छात्राओं को गार्गी पुरस्कार से स वहीं, राजकीय माध्यमिक विद्यालय, देरांठू का परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र विकास चौधरी पुत्र सुखदेव चौधरी ने 87 प्रतिशत, रोहित चौधरी पुत्र राजू जाट ने 84.83 प्रतिशत, और अनुष्का गुर्जर पुत्री शौकिन गुर्जर ने 81.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

NAME CHANGE

I have changed my name from Piyush S/O Sukh Dev Bhati to Piyush Bhati S/O Sukh Dev Bhati. Address: Nehru Gate Bahar, Near Vardhman College, Beawar, Dist- Beawar-305901 (Rajasthan)

NAME CHANGE

I have changed my name from Rishabh S/O Sukh Dev Bhati to Rishabh Bhati S/O Sukh Dev Bhati. Address: Nehru Gate Bahar, Near Vardhman College, Beawar, Dist- Beawar-305901 (Rajasthan)

अजमेर विकास प्राधिकरण

लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ललित रामानी पुत्र स्व. श्री मोती राम रामानी की ग्राम नौसर के खसरा नंबर 146 भूखण्ड संख्या 23 बी में क्षेत्रफल 100 वर्गगज के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपतित हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी।- उपायुक्त(उत्तर)अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर

11 जोड़े बनेंगे हमसफर, तैयारियां चरम पर

शाहपुरा। श्री शिव चेना माता, कुशला माता मंदिर धानेश्वर,फुलिया कला में इस बार 29 वां मंदिर स्थापना जयंती महोत्सव एवं मंदिर शिखर पर कलश स्थापना एवं प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन 1 व, 2 जून 2025 को धानेश्वर धाम में आयोजित हो रहा है।

जानकारी देते हुए धानेश्वर ट्रस्ट अध्यक्ष विनोद लक्षकार ने बताया कि पहली बार महोत्सव के साथ कलश स्थापना सामूहिक विवाह सम्मेलन व विशाल छप्पन भोग का आयोजन हो रहा है जिसमें समाज बंधुओ का अपार स्नेह सहयोग मिल रहा है तथा इस सम्मेलन में 11 जोड़े परिणय सूत्र में बनेंगे। महोत्सव का 1 जून 2025को आगाज होगा जिसमें रात्रि विशाल भजन संध्या होगी जिसमें राधेश्याम लक्षकार,चेतन लक्षकार,नवल लक्षकार प्रस्तुतियां देंगे,व झांकियां का आयोजन होगा,2 जून को राहुल कुमार रातकोट के द्वारा निज मंदिर पर शिखर का निर्माण करवाया गया, उस पर कलश स्थापना 9:15 राहुल कुमार व उनके परिवार द्वारा करवाया जाएगा साथी कन्हैया लाल बागड़ी निवासी शाहपुरा द्वारा माताजी के दरबार में विशाल छप्पन भोग का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा सम्मान समारोह पाणीठाहण संस्कार , सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।

इस बार केक़ड़ी गुलाबपुरा के समाजबंधुओं द्वारा ''पाँचवी बार केकड़ी व गुलाबपुरा से धानेश्वर धाम माताजी के पदयात्रियों का जत्था आयेगा।श्री शिव चैना कुशला माता ट्रस्ट, धानेश्वर धाम, फूलियाकलां,अध्यक्ष विनोद सोलंकी, शाहपुरा,मुख्य संरक्षक ओमप्रकाश चौहान शाहपुरा,रतन लाल लखारा हुरडा, मुख्य संयोजक डॉ.राजेन्द्र कुमार केकड़ी,

महामंत्री राधेश्याम लखारा कादेड़ा, महामंत्री राजेन्द्र कुमार, देवलिया कलां, महिला मण्डल अध्यक्ष मंजूदेवी, हुरड़ा, महामंत्री महिला मण्डल रचना देवी, भीलवाड़ा, कोषाध्यक्ष महिला मण्डल निर्मला देवी, मुकेश कुमार हुरडा गोपाल लाल गुलाबपुरा जगदीश चंद्र गुलाबपुरा शाहपुरा युवा मंडल के अध्यक्ष कन्हैया लाल महामंत्री,त्रिलोक चंद उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार धर्मेंद्र कुमार किशन कुमार वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोहर लाल सहित पदाधिकारी कार्यक्रम को अंतिम रूप दे रहे हैं।

प्रथम स्थान प्राप्त कर बढ़ाया विद्यालय का मान

नसीराबाद, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नान्दला का राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 91.30 प्रतिशत रहा। विद्यालय की प्रतिभावान छात्रा पूजा जाट पुत्री सत्यनारायण जाट ने 74.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर दिलखुश ने 73.50 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पर वर्षा ने 72.67 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय विकास समिति (एसएमसी) अध्यक्ष भगवान सिंह सहित ठाम के गणमान्य नागरिकों ने प्रधानाचार्य जयश्री राठौड़, शिक्षिका मनोरमा यादव तथा समस्त विद्यालय स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। विद्यालय परिवार एवं ठामीणजन इस सफलता से उत्साहित हैं तथा इसे अध्यापक-विद्यार्थी एवं अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम मानते हैं।

10 करोड़ की नशे की खेप का निस्तारण करवाया

- मादक पदार्थों की खेप को जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद की देखरेख में जलाकर नष्ट किया

डीडवाना, (निसं)। डीडवाना जिला पुलिस के द्वारा जिलेभर में विभिन्न कार्रवाईयों के दौरान बड़ी मात्रा में पकड़ी गई लगभग 10 करोड़ रुपए की अवैध मादक पदार्थों की खेप को बुधवार को जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा की देखरेख में जलाकर नष्ट किया गया।

जानकारी के अनुसार डीडवाना जिले के 10 पुलिस थानों में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ दर्ज 25 मुकदमों में पुलिस द्वारा जब्त किए गए 46.256 किलो डोडा-पोस्त, 15 किलो गांजा, 6678 अफीम के पौधे सहित अनेक मादक पदार्थों का रिंग रोड पर कलेक्ट्रेट के आगे खुले मैदान में निस्तारण किया गया।

इस दौरान पुलिस द्वारा मादक सामग्री को जलाकर नष्ट किया गया। बाद में जले हुए नशीले पदार्थों को जमीन में गड्ढा खोदकर दफन कर दिया गया। निस्तारित की गई नशे की इस खेप की अनुमानित कीमत 10 करोड़ 17 लाख रुपए है। निस्तारण की इस कार्रवाई के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु शर्मा, वृताधिकारी धरम पूनिया, डीडवाना थानाधिकारी राजेंद्र सिंह कमांडो भी मौके पर मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक जिले के लाडनूं, जसवंतगढ़ , गच्छीपुरा, डीडवाना, कुचामन, मकराना, पीलवा, खुनखुना, परबतसर तथा मौलासर पुलिस थानों की कार्रवाई में जब्त माल का निस्तारण किया गया है।

एसपी हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि जिले के थानों के मालखानों में भरे पड़े अवैध मादक पदार्थों का एनडीपीएस नियमों के तहत कमेटी द्वारा निस्तारण किया गया है, ताकि मालखानों को खाली किया जा सके और थानों में अनावश्यक नशे की सामग्री नहीं रहे।

कार्यालय नगर परिषद,पुष्कर जिला अजमेर राजस्थान

क्रमांक :न.प.पु./भूमि/2025/451 उजरदारी सूचना दिनांक-28/5/2025

निम्न आवेदक ने अपनी वसीयत/क्रयशुदा/वख्शीसखुदा सम्पति के नामान्तरण हेतु नगर परिषद पुष्कर में आवेदन किया है जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था इत्यादि को उक्त कार्यवाही में कोई आपति हो तो अपनी आपति विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिव स के अंदर ठोस सबूत मय दस्तावेज के आधार पर नगर परिषद पुष्कर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई आपति मान्य नहीं होगी एवं परिषद द्वारा अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी।

क्रं.सं.	आवेदक नाम मय पिता/पति	स्थान	चतुर्थ सीमा	
1	श्री जितेन्द्र नाहर पुत्र श्री पूनमचंद नाहर	सावित्री मौहल्ला बड़ी बस्ती पुष्कर स्थित सम्पति क्षेत्रफल 163.54 वर्गगज	पूर्व- रास्ता पश्चिम-हस्तीमल जैन की सम्पति	उत्तर- कौशल्या देवी की सम्पति दक्षिण- त्रिलोक जी नाहर व बसंत जी की सम्पति

आयुक्त, नगर परिषद, पुष्कर

कार्यालय नगर परिषद,पुष्कर जिला अजमेर राजस्थान

क्रमांक :न.प.पु./भूमि/2025/80 उजरदारी सूचना दिनांक-28/5/2025

निम्न आवेदक ने अपनी खरीदशुदा सम्पति के नामान्तरण हेतु नगर परिषद पुष्कर में आवेदन किया है जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था इत्यादि को उक्त कार्यवाही में कोई आपति हो तो अपनी आपति विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर ठोस सबूत मय दस्तावेज के आधार पर नगर परिषद पुष्कर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई आपति मान्य नहीं होगी एवं परिषद द्वारा अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी।

क्रं.सं.	आवेदक नाम मय पिता/पति	स्थान	चतुर्थ सीमा	
1	श्री हरिनारायण पाराशर पुत्र श्री श्याम सुन्दर पाराशर	कालों का मौहल्ला बड़ी बस्ती पुष्कर स्थित सम्पति क्षेत्रफल 75.07 वर्गगज	पूर्व- देवीलाल जी की जायदाद पश्चिम- आम रास्ता	उत्तर- परमानंद जी आलावत की जायदाद दक्षिण- गली

आयुक्त, नगर परिषद, पुष्कर

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक-न.पा.बि./निर्माण.स्वी./2025/774 दिनांक- 26/5/2025

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माझा पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र/आपति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

फाईल नं.	आवेदक नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
1.	गीतादेवी पत्नि विष्णुदत	इन्दिरानगर बिजयनगर ब्लॉक नं. ई भू. सं. 54 का दक्षिणी हिस्सा प्रा.नं. 54 बी	66.88 SQ. MTR	आवासीय
2.	निसार पुत्र अमिन	राजस्व ग्राम बरल द्वितीय बिजयनगर ख.सं. 749/2 भू.सं. 30	108.693 SQ. MTR	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

सुनील खत्री
एडवोकेट
राज. उच्च न्यायालय,
मो.नं.9875109178, 9782222148
ऑ.अरूण मिष्ठान के सामने, पीपली चौराहा
बिजयनगर, निवास-म.नं. 610/28
पोखरणा कॉलोनी, बिजयनगर

आम सूचना दिनांक : 28/05/2025

मैं मेरे पक्षकार श्री ओंकार लाल शर्मा पुत्र श्री बंशी लाल शर्मा उम्र 66 वर्ष जाति ब्राह्मण निवासी माधव नगर, बरल द्वितीय बिजयनगर तहसील बिजयनगर जिला अजमेर (राज0) की ओर से सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि यह कि मेरे पक्षकार के तीन पुत्रियां संजू शर्मा पत्नी श्री विष्णु शर्मा 2. शिवानी शर्मा पत्नी श्री सुरेश शर्मा 3. रिंकू शर्मा पत्नी श्री राजू शर्मा व दो पुत्र 1. कमलेश शर्मा 2. विजय शर्मा जीवित संतान हैं यह कि मेरे पक्षकार ने काफी कठिन परिश्रम करके अपने पुत्र विजय शर्मा को पढाया लिखाया तथा उसका विवाह पायल शर्मा के साथ उसकी सहमति से करवाया और उसे काबिल बनाया फिर भी मेरे पक्षकार का पुत्र विजय शर्मा व पुत्रवधु पायल शर्मा मेरे पक्षकार के कहने में नहीं होने पर दिनांक 24.11.2023 को अपने पुत्र विजय शर्मा व पुत्रवधु पायल शर्मा को अपने सांसरिक जीवन से व अपनी चल अचल सम्पति से पूर्ण तरह से बेदखल करते हुए त्याग दिया था लेकिन वर्तमान में मेरे पक्षकार के पुत्र विजय शर्मा व पुत्रवधु पायल शर्मा द्वारा मेरे पक्षकार की सेवा चाकरी करने व सार संभाल करने से मेरे पक्षकार का पुत्र विजय शर्मा व पुत्रवधु पायल शर्मा से किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं होने के कारण मेरे पक्षकार द्वारा अपने बेदखली के फैसले को वापस लेते हुए मेरे पक्षकार द्वारा अपने पुत्र विजय शर्मा व पुत्रवधु पायल शर्मा को वापस अपना लिया हैं। सो सूचित रहे।

-भवदीय: सुनील खत्री एडवोकेट राज. उच्च न्यायालय

जयंती समारोह आज

अजमेर, (कासं)। वीरता, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति अपराजेय निष्ठा के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष्य में महाराणा प्रताप समारोह समिति, अजमेर के तत्वावधान में 29 मई को पुष्कर घाटी स्थित महाराणा प्रताप स्मारक पर सायं 6:00 बजे मुख्य समारोह एवं विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा।

समिति अध्यक्ष धर्मेश जैन ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं भाजपा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ होंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक जगदीश राणा और महानगर संघचालक खाजूलाल की आयोजन में विशिष्ट उपस्थिति रहेगी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की भी उपस्थित रहेगे। समारोह की शुरुआत भगवान एकलिंगनाथ जी की महाआरती से होगी। वक्ता गण महाराणा प्रताप के जीवन, संघर्ष और आदर्शों पर प्रेरक उद्बोधन देंगे।

रेगरान पंचायत आदर्श धड़ा बड़ा बांस की प्रतियोगिता परीक्षा की निशुल्क कोचिंग क्लासेज शुरू

- सरकारी नौकरी की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए यह सुनहरा मौका मिला है : विकेश खोलिया

ब्यावर (निसं) रैगर समाज की ओर से विद्यार्थियों के लिए प्रतियोता परीक्षा की निशुल्क कोचिंग क्लास की शुरुआत की गई। बुधवार सुबह 11 बजे आदर्श भवन रेगरान पंचायत बडा बास में इसका शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष पूर्व राज्य मंत्री विकेश खोलिया, संस्था के अध्यक्ष सन्तोष जाठात, डॉ0 भीमराव अंबेडकर एकीकृत संस्था के अध्यक्ष ईश्वर तंवर, संत रविदास छात्रावास समिति के अध्यक्ष वीरमलाल बालोटिया, पूर्व सभापति मुकेश मौर्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि चौहान, आनंद लाल फुलवारी भू अभिलेख निरीक्षक लोकेश कुर्डिया ने बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर क्लास का शुभारंभ किया।

श्री विकेश खोलिया पूर्व राज्य मंत्री राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग राजस्थान सरकार ने आदर्श नि:शुल्क कोचिंग क्लासेज के उद्घाटन समारोह में अपने सम्बोधन में कहा कि यह कोचिंग सेंटर हमारे समाज के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा। उन्होंने बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी को याद करते हुए उनके द्वारा दिए गए आदर्श कथन ''शिक्षा'' पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि शिक्षा एक ऐसा अधिकार है जो हर किसी को मिलना चाहिए, चाहे वह किसी भी वर्ग या पृष्ठभूमि से हो। यह कोचिंग सेंटर उन छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं लेकिन अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर आगे बढ़ना चाहते हैं।

उन्होंने इस कोचिंग सेंटर के संस्थापकों और शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि मुझे विश्वास है कि यह कोचिंग सेंटर हमारे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने छात्रों से आठाह किया कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें।

उन्होंने विशेष रूप से आज इस कार्यक्रम आयोजित कर्ता सन्तोष जाठात भाजपा महामंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप कि पहल पर हार्दिक बधाई एवं साधुवाद दिया। पूर्व सभापति मुकेश मौर्य ने कहा कि आज के समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की जरूरत बढ़ गई है। पढ़ाई अब हिन्दी के साथ अंठोजी में भी होती है। जैसे हिन्दी को सरल मानते हैं, वैसे ही अंठोजी को भी सरल बनाना होगा।ईश्वर तंवर ने कहा कि समाज की ओर से प्रतियोगिता परीक्षा का कोर्स शुरू करना सराहनीय कदम है। इससे बच्चों को दक्षता मिलेगी।संस्था के अध्यक्ष सन्तोष जाठात ने विद्यार्थियों को लगन और मेहनत से पढ़ाई करने की सलाह दी ओर बताया कि आदर्श भवन मे कोर्स शुरू किया गया है। जहा 50 से ज्यादा विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षा की निशुल्क तैयारी कराई जा रही जो उन्हें तय समय मे उच्च शिक्षित शिक्षकों द्वारा दी जायेगी । कोषाध्यक्ष दोलत राम संवासिया ने कहा कि समाज इस तरह के आयोजन आगे भी करता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन सचिव अजय तंवर ने किया अंत मे सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल चौहान पूर्व पार्षद बाबूलाल पंवार जय जाठात वीरमलाल बालोटिया लोकेश कुर्डिया ने भी संबोधित किया इस अवसर पर दुर्गा लाल जाठात, जगदीश प्रसाद खोरवाल शंकर लाल जाठात सौभागमल खोरवाल माणकचन्द बोहरा मेघराज बोहरा पुरण संवासिया विक्रम तंवर अशोक भट्ट दयाराम पुरुषोत्तम राधेश्याम भट्ट सोनु चोहान अनिल तुनगरिया रोहित भट्ट मोतीलाल फुलवारी भूपेंद्र जाठात राजकुमार चौहान कुलदीप बोहरा मोहन लाल बिछावन्दिया महेश तंवरधर्मराज रिठाडिया गुरुशरण सुखधामी अमित बालोटिया धनश्याम मेवाडा भरत पंवार गिरीश पंवार मोनु चौहान शैलेंद्र सन्तोष बोहरा सहित समाज के कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष रवि चौहान ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ माला व साफा पहनाकर स्वागत अभिनंदन भी किया।

विकसित कृषि संकल्प अभियान आज से

भीलवाड़ा। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में विकसित कृषि संकल्प अभियान आज से प्रारंभ किया जा रहा है। कृषि एवं किसान कल्याण मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित यह अभियान कृषि विज्ञान केन्द्र भीलवाड़ा एवं शाहपुरा, कृषि विभाग भीलवाड़ा एवं उद्यान विभाग भीलवाड़ा के संयुक्त तत्त्वावधान में भीलवाड़ा जिले में आयोजित होगा जो कि 12 जून तक चलेगा।

अभियान के तहत् आज सुवाणा पंचायत समिति के रूपाहेली, हलेड़ एवं दांथल गाँवों में संवाद किया जायेगा। इस अभियान में गाँव एवं आस-पास के प्रगतिशील किसान, पुरस्कृत कृषक एवं कृषक महिलाएँ, नवाचारी किसान